मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-प्रतिपदा, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 222 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल
26 जनवरी 2024 शुक्रवार

आज का मौसम
23 अधिकतम
11 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

75वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं

## गणतंत्र दिवसः दिल्ली में कर्तव्य पथ पर देश की सैन्य शक्ति और महिला शक्ति का प्रदर्शन दुनिया ने देखा

# ताकत व आध्यात्म : झांकी में आगे रामलला, पीछे रैपिड रेल, ऊपर ब्रह्मोस







**नई दिल्ली, एजेंसी।**

आज देश 75वां गणतंत्र दिवस मना रहा है, दिल्ली में कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड का भव्य आयोजन इस बार कई मायनों में खास व कुछ अलग रहा। देश की सैन्य शक्ति और महिला शक्ति का प्रदर्शन दुनिया ने देखा। इससे पहले राष्ट्रपति मुर्मू ने कर्तव्य पथ पर तिरंगा फहराया। इसके बाद 21 तोपों की सलामी दी गई। समारोह के मुख्य अतिथि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कर्तव्य पथ पर पीएम नरेंद्र मोदी के साथ परेड देखी। वहीं फ्रांस की सैन्य टुकड़ी ने कर्तव्य पथ पर मार्च किया। फ्रांस की टुकड़ी में म्यूजिक बैंड और मार्चिंग दस्ता शामिल रहा। यह दस्ता फ्रांस की सेना की सेकेंड इंफेंट्री रेजीमेंट का हिस्सा है। उत्तर प्रदेश की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। यह झांकी भगवान राम की जन्मस्थली अयोध्या पर केंद्रित थी। झांकी के चारों ओर की झालर दीपोत्सव को चित्रित किया गया, जो कि भगवान राम के अयोध्या आगमन के उपलक्ष्य में राज्य सरकार द्वारा शुरू किया गया है। इस बार गणतंत्र दिवस समारोह की खासियत यह भी रही कि पहली बार परेड की शुरुआत मिलिट्री बैंड की बजाय शंख नगाड़े की ध्वनि से हुई। 'विकसित भारत' और 'भारत-लोकतंत्र की मातृका'- दोनों विषयों पर आधारित इस वर्ष की परेड में लगभग 13,000 विशेष अतिथियों ने हिस्सा लिया। एक ऐसी पहल कही गई है जिसमें समाज के सभी वर्ग के लोगों को इस राष्टीय त्योहार में शामिल होकर उत्सव मनाने और जन-भागीदारी को प्रोत्साहित करने का अवसर मिलेगा। वहीं गणतंत्र दिवस परेड की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कर्तव्य पथ और उसके आसपास 14,हजार सुरक्षाकर्मी तैनात रहे।

### चुनाव आयोग की झांकी भी

भारत के चुनाव आयोग की झांकी भी परेड का हिस्सा बनी। इसमें वोट देने के लिए प्रोत्साहित करने का संदेश दिया गया। केंद्रीय लोक निर्माण विभाग की झांकी में सेंट्रल विस्ट्रा की थीम देखने को मिली। इसमें संसद का पूरे हिस्से को प्रदर्शित किया गया।संस्कृति मंत्रालय की झांकी में बौद्ध, जैन संतों के संवाद को थीम में शामिल किया। जबकि बॉम्ब सैपर्स, बॉम्बे इंजीनियर ग्रुप एंड सेंटर का टुकड़ी की अगुवाई 115 इंजीनियर रेजिमेंट की मेजर दिव्या त्यागी ने किया। पिछले दो दशकों में बॉम्बे सैपर्स ने भारतीय सेना के इतिहास में अपने लिए एक स्पेशल स्थान बनाया है। नौसेना का ब्रास बैंड और नौसेना के मार्चिंग दस्ते ने भी कर्तव्य पथ पर दस्तक दी।

**हेलीकॉप्टर्स ने किया फ्लाईपास्टः** कर्तव्य पथ पर सेना के एमआई-17 हेलीकॉप्टर्स ने ध्वज फॉर्मेशन में फ्लाईपास्ट किया आसमान में राफेल ने भी ताकत दिखाई। साथ ही भारतीय सेना के सर्वोच्च वीरता पुरस्कार विजेता परमवीर चक्र और अशोक चक्र से सम्मानित जाबांजों ने कर्तव्य पथ पर मार्च किया। इससे पहले प्रधानमंत्री 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर वॉर मेमोरियल पहुंचे। वहां उन्होंने सेना के तीनों प्रमुखों और सीडीएस से मुलाकात की। इसके बाद पीएम मोदी ने वॉर मेमोरियल पर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# कड़े फैसले लेने में देर नहीं, हर साल रामायण मेले

## सीएम यादव ने उज्जैन में किया ध्वजारोहण, मोटा अनाज उत्पादन करने वाले किसानों को मिलेगी 1 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज उज्जैन में झंडावंदन किया। यह पहला मौका रहा, जब उज्जैन में किसी सीएम ने झंडावंदन किया। बाबा महाकाल का तीन रंगों से श्रृंगार कर भस्म आरती की गई। सीएम ने कहा- एमपी में हर साल रामायण मेला लगेगा। उज्जैन में व्यापार मेला लगाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार कड़े फैसले लेने में जरा भी देर नहीं करेगी।

लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने में प्रदेश देश भर में तीसरे पायदान पर है। समारोह में उन्होंने कहा कि सरकार ने श्रीराम वन गमन पथ के सभी प्रमुख स्थलों का विकास करते हुए चित्रकूट को विश्व-स्तरीय धार्मिक एवं पर्यटन स्थल का स्वरूप प्रदान करने का निर्णय लिया है। ओरछा के श्रीराम राजा परिसर में श्रीराम राजा लोक के विकास का पुनीत कार्य कर रही है। तीर्थ-दर्शन योजना के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों को हवाई मार्ग एवं रेल मार्ग से भगवान श्रीराम के पावन दर्शन हेतु अयोध्या की यात्रा कराई जाएगी। 'विकसित भारत-संकल्प यात्रा' भारत को विकसित देशों की श्रेणी में लाने की मोदी की गारण्टी का प्रतीक बनकर उभरी है। दो करोड़ से अधिक नागरिकों का उमंग और उल्लास के साथ शामिल होना यह सिद्ध करता है कि एमपी के मन में मोदी हैं और मोदी के मन में एमपी है। डॉ यादव ने कहा कि संभागीय समीक्षा बैठकों के साथ ही संभागीय मु यालय पर बड़े पैमाने पर विकास कार्यों के शिलान्यास और लोकार्पण यह सिद्ध करते हैं कि



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में 75 वें गणतंत्र दिवस समारोह में राष्ट्रध्वज तिरंगा फहराया।

सरकार जो कहती है, वो करके दिखाती है। विभिन्न प्रशासनिक इकाइयों जैसे- जिला, तहसील, थाने आदि की सीमाओं के युक्तियुक्तकरण की कार्यवाही प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है। साइबर तहसील परियोजना को पूरे प्रदेश में लागू करने का निर्णय लिया गया। आम आदमी के दैनन्दिन के कार्यों से संबंधित नियमों को स्पष्ट, सरल और सुविधाजनक बनाया जा रहा है। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग का विलय सुशासन की दिशा में उठाया गया एक बड़ा कदम है।



### राज्यपाल पटेल ने ली सलामी

राज्यस्तरीय समारोह का आयोजन लाल परेड मैदान में हुआ। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने इस समारोह में राष्टीय ध्वज फहराया। इसके बाद वह खुले वाहन से परेड का निरीक्षण करने निकले। परेड ने उन्हें सलामी दी। इस अवसर पर सशस्त्र बलों द्वारा हर्ष फायर भी किया गया। परेड में सशस्त्र बलों के अलावा, एनसीसी, स्काउट एंड गाइड, अश्वारोही दल और डाग स्क्वाड भी शामिल रहे। मार्च पास्ट के बाद राज्यपाल का गणतंत्र दिवस पर प्रदेश की जनता के नाम संदेश वाचन हुआ।

### कोयला शराब घोटाले में ईडी की छग में कार्रवाई

रायपुर। छत्तीसगढ़ में कोयला और शराब घोटाले को लेकर ईडी ने रायपुर के एंटी करप्शन ब्यूरा में एफआइआर दर्ज कराई है। ईडी की ओर से दर्ज केस में शराब घोटाले में 35 नामजद और कोयला घोटाले में 71 नामजद आरोपितों के नाम शामिल है।

**सूचना**

गणतंत्रता दिवस के मौके पर दोपहर मेट्रो कार्यालय में 27 जनवरी 2024 को अवकाश रहेगा।

## सियासी उठापटक के बीच जलेबी बांटते रहे नीतीश

**पटना, एजेंसी।**

बिहार में राजनीतिक संकट के बीच गणतंत्र दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बच्चों के बीच जलेबी बांटते हुए नजर आए। इस दौरान नीतीश छोटे-छोटे बच्चों को वहां देखकर बेहद खुश भी नजर आ रहे थे। नीतीश कुमार ने राजधानी में अपने आधिकारिक निवास पर राष्टीय ध्वज फहराया और राष्ट्रगान होने के बाद बच्चों और वहां मौजूद अन्य लोगों के बीच जलेबी बांटी। दिलचस्प है कि बिहार में नीतीश कुमार एक बार फिर से पाला बदलने की अटकलें लगाई जा रही है जिसके बाद पटना में



तमाम सियासी दल अपना राजनीतिक भविष्य साधने में जुटे हुए हैं. कहा जा रहा है कि आज दोपहर के बाद नीतीश कुमार बिहार की राजनीति में भूचाल लाने वाला कोई फैसला ले सकते हैं।


**मेट्रो एंकर** पद्म पुरस्कार पाने वाले कई चेहरे अब देश ने जाने

# खामोशी से जुटे 34 नाम, बने नए हीरो

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

इस बार 75वें गणतंत्र दिवस से एक दिन पहले पद्म पुरस्कारों का ऐलान कर दिया गया है। खास बात यह है कि कई ऐसे चेहरे है जो खामोशी से अपने काम में जुटे थे। अब यह देश के नये हीरो बने हैं। इस साल 132 हस्तियों को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। इनमें 5 को पद्म विभूषण, 17 को पद्म भूषण और 110 को पद्मश्री से नवाजा जाएगा। पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू, हिंदी सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री वैजयंतीमाला, प्रसिद्ध नृत्यांगना पद्मा सुब्रमण्यम, साउथ फिल्मों के एक्टर चिरंजीवी और बिंदेश्वर पाठक (मरणोपरांत) को पद्म विभूषण से सम्मानित किया जाएगा। वहीं, बॉलीवुड एक्टर मिथुन चक्रवर्ती, उषा उथुप, फातिमा बीबी (मरणोपरांत), उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल राम नाईक को पद्म भूषण देने का ऐलान किया जाएगा।


यह पुरस्कार वर्ष 1954 से दिये जा रहे हैं। गृह मंत्रालय के मुताबिक, कोई भी व्यक्ति इन पुरस्कारों के लिए पात्र होता है। हालांकि, सरकारी कर्मचारी इन पुरस्कारों के लिए तब तक पात्र नहीं हैं, जब तक वो पद पर हैं हालांकि, इसमें डॉक्टरों और वैज्ञानिकों को छूट है। हर साल राष्टपति भवन में पुरस्कार समारोह का आयोजन होता है. इस दौरान पद्म पुरस्कार से सम्मानित हस्तियों को राष्टपति के हस्ताक्षर और सील वाला सर्टिफिकेट और मेडल दिया जाता है। पुरस्कार से सम्मानित हस्तियों को उनके मेडल की एक प्रतिकृति भी दी जाती है, जिसे वो किसी भी समारोह में पहन सकते हैं। गृह मंत्रालय के मुताबिक, ये पुरस्कार कोई पदवी नहीं है इसलिए विजेताओं के नाम के आगे या पीछे इसका इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। अगर ऐसा होता है तो पुरस्कार वापस लिया जा सकता है।हालांकि यह पुरस्कार प्राप्त करने वाले विजेताओं को कोई नकद पुरस्कार, भत्ता या रेल-हवाई यात्रा में छूट जैसी कोई सुविधा नहीं दी जाती है।



गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर केंद्र सरकार ने जिन पद्म पुरस्कारों का ऐलान किया। उनमें 34 नाम ऐसे हैं जो गुमनाम थे। वो कई सालों से बिना किसी लोभ के लोगों की मदद करते आ रहे हैं। इन सभी लोगों को सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने के लिए पद्मश्री से नवाजा जाएगा। मसलन

**खामोश समाजसेवी**

असम की पार्वती बरुआ ने अपनी पूरी जिंदगी जानवरों की सेवा में गुजार दी। उन्हें सरकार ने पद्मश्री पुरस्कार देने का ऐलान किया हैछत्तीसगढ़ के जगेश्वर यादव को आदिवासी पीवीटीजी के क्षेत्र में पद्म श्री देने का ऐलान किया गया। इसी तरह महिलाओं की मदद के लिए हमेशा आगे रहने वाली चामी मुर्मू को पद्मश्री देने का ऐलान किया गया है। चामी मुर्मू ने 28 साल में 28 हजार महिलाओं की स्वरोजगार दे चुकी हैं।हरियाणा के गुरविंदर सिंह ने बेघरों, अनाथों और दिव्यांगजनों की भलाई के लिए काफी काम किया है।



# राजनीतिक दलों के दफ्तरों में झंडावंदन



भोपाल। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने 75 वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडावंदन किया।



भोपाल। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में अध्यक्ष जीतू पटवारी व अन्य नेता ध्वाजारोहण में शामिल हुये।

**मप्र मानव अधिकार आयोग**

## आयोग अध्यक्ष ममतानी द्वारा पर्यावास भवन में ध्वजारोहण



**भोपाल।** 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर मप्र मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष मनोहर ममतानी ने सुबह 8 बजे पर्यावास भवन परिसर में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर आयोग कार्यालय सहित पर्यावास भवन परिसर में लगने वाले सभी कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। ध्वजारोहण पश्चात राष्ट्रगान हुआ। तत्पश्चात मुख्य अतिथि मनोहर ममतानी ने शुभकामना संदेश देते हुए उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी।

### रेलवे ने किया था ट्रेनों को समय पर चलाने का दावा, लेकिन कोहरे ने थकाया

# सुबह की कुशीनगर एक्सप्रेस शाम को आ रही, यात्री परेशान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



**रेल यात्री इस समय भारी परेशान हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि कई ट्रेनें समय पर नहीं चल रही है, जो चलती हैं उनमें वेटिंग और नो रूम जैसे हालत है तो शताब्दी, राजधानी, दूरंतों जैसी ट्रेनों का किराया थोड़ी बहुत ही कम लेकिन फ्लाइट के किराये की बराबरी कर रहा है। हलाकान यात्रियों की कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है।**

### उत्तर भारत की ओर से आने वाली ट्रेनों के साथ ज्यादा दिक्कत

उत्तर भारत की ओर से आकर भोपाल के रास्ते गुजरने वाली 90 फीसद ट्रेनों के साथ बुरी हालत है। ठंड के इस सीजन में ये लगभग पूरे दिन समय पर नहीं चली है। अभी भी कुशीनगर एक्सप्रेस के साथ तो ये हाल है कि उसे सुबह करीब 9 से 10 के बीच भोपाल पहुंच जाना चाहिए, लेकिन वह गुरुवार को शाम 4 बजे के बाद आई है। यही हाल आज शुक्रवार चल रही कुशीनगर का है। यह ट्रेन तो एक उदाहरण है लेकिन तेज दौड़ने वाली शताब्दी एक्सप्रेस जैसी ट्रेन के साथ बार-बार यह स्थिति बन चुकी है।

### कोहरे से निपटने के दावे फेल



रेलवे के अधिकारियों ने शुरू में खूब दावे किए कि उसने कोहरे से निपटने के लिए तमाम नई तकनीकियों का इस्तेमाल कर लिया है। एंटी फाग डिवाइस बना ली है, सेटेलाइट आधारित उपकरण बनाएं हैं। इन्हें इंजन में इंस्टॉल भी कर दिए है। कोहरे में भी ट्रेनें प्रभावित नहीं होंगी, लेकिन हकीकत में ये सभी उपकरण घने कोहरे में फेल हो रहे हैं। अनुभव के आधार पर ही लोको पायलट ट्रेनें चला रहे हैं।

## मतदान करना हमारी राष्ट्रीय जिम्मेदारी

**मतदाता दिवस पर एनआईटीटीटीआर में शपथ कार्यक्रम**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी स्थित राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर) में 14वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मतदाता दिवस पर निदेशक प्रो सी सी त्रिपाठी ने कहा कि, भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। इसमें मताधिकार का सर्वाधिक महत्व है। मतदान करना हम सबकी राष्ट्रीय जिम्मेदारी है। लोकतंत्र कि खूबसूरती यही है कि भारत में एक एक मत की कीमत है। उन्होंने सभी को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने अन्य प्रदेशों के सभी नवनियुक्त अधिकारी कर्मचारियों से कहा कि सभी मतदाता सूची में अपना नाम आवश्यक रूप से दर्ज करवाएं। हम सभी की अपने देश के लोकतंत्र पूर्ण आस्था है अतः मतदान कर निर्वाचन कि गरिमा को बनाए रखना हमारा दायित्व है। इस अवसर पर निटर के संकाय सदस्य, अधिकारी, कर्मचारीगण, प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

**नया दायित्व**



भोपाल। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी रोशन कुमार सिंह ने गत दिवस संचालक जनसम्पर्क छक्क का पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान संचालक आशुतोष प्रताप सिंह ने उन्हें पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

## उखड़ी सड़कों से शहर में बढ़ रहा वायु प्रदूषण का खतरा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

भोपाल शहर में उखड़ी सड़कों की वजह से शहर का वायु प्रदूषण का खतरा बढ़ रहा है। गड्ढें से उड़ रही धूल से राहगीरों को कई परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सांसों के जरिये धूल के कण सीधे फेफड़े में पहुंच रहे है, जिससे दमा और अस्थमा के मरीजों के साथ-साथ अन्य राहगीरों को संक्रमण का खतरा बना हुआ है। मामले में आयोग ने कमिश्नर, भोपाल संभाग,और आयुक्त, नगर निगम को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ्ज्ञ ही वायु प्रदूषण की स्थिति में सुधार एवं जन स्वास्थ्य की सुरक्षा के सम्बन्ध में की गई कार्यवाही के संबंध में जवाब मांगा है।




### इन मामलों में भी लिया संज्ञान

आयोग ने भोपाल के कटारा हिल्स में बीते सोमवार को एक चार साल के लड़के की कुत्ते के काटने से मौत होने की घटना सामने आई है। मामले में आयोग ने प्रमुख सचिव, नगरीय प्रशासन एवं विकास, मप्र शासन, मंत्रालय, और नगर निगम आयुक्त को घटना की जांच कराकर मृतक के परिजनों को शासन की और से दी गई आर्थिक मुआवजा राशि तथा आयोग की पूर्णपीठ द्वारा पूर्व में की गई अनुसंशाओं के सम्बन्ध में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है। इसके साथ ही आयोग ने मौसम विज्ञान केंद्र के सामने लगे बिजली ट्रांसफॉर्मर 4 फीट तक नीचे आने से आने-जाने वाले लोगों को करंट लगने का खतरा बना हुआ है। मामले में संज्ञान लेकर आयोग ने सीएमडी, मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कं.लि., भोपाल से मामले की जांच कराकर जन सुरक्षा हेतु की गई कार्यवाही के संबंध में जवाब मांगा है।

# विद्यार्थियों की जानकारी अपडेट नहीं होने पर डीपीआई ने लगाई जिलों को फटकार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

स्कालरशिप के लिए पोर्टल पर करीब दो लाख विद्यार्थियों की जानकारी अपडेट नहीं होने पर लोक शिक्षण संचालनालय ने जिलों को फटकार लगाई है। जानकारी के मुताबिक डीपीआई ने सभी जिलों के शिक्षा अधिकारियों को विद्यार्थियों की बैंक खातों की जानकारी को अपडेट करने के आदेश दिए हैं। उन्हें बताया गया है कि वे समय रहते विद्यार्थियों की जानकारी समय रहते पोर्टल पर अपडेट करें, ताकि विद्यार्थियों को स्कालारशिप समय पर मिल सके।

दरअसल, वर्ष 2023-24 में शत-प्रतिशत पात्र विद्यार्थियों को नामांकन, प्रोफाइल अपडेशन एवं छात्रवृत्ति स्वीकृति का कार्य 30 सितंबर तक पूरा किया जाना था, जो अभी तक पूर्ण नहीं हो सकी है। दो-दो बार स्मरण पत्र भेजने के बाद भी विद्यार्थियों की जानकारी जारी नहीं की जा रही है। इससे विद्यार्थियों की स्कालरशिप अटकी हुई है। इस संबंध में सभी जिलों के आदेश भी जारी किए गए हैं। यहां तक जिलों को फटकार भी लगाई गई है कि वे अपने कार्य में कोताही नहीं बरते। मौजूदा स्थिति यह है कि नामांकित एक करोड़ चालीस लाख विद्यार्थियों में से एक करोड़ 35 लाख विद्यार्थियों का नामांकन, सवा लाख का प्रोफाइल अपडेशन और लगभग साढ़े पांच लाख विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति स्वीकृति की गई है।

### एएफआरसी करेगा तीन सत्रों की फीस तय, 30 अप्रेल तक होंगे आवेदन



**भोपाल।** एडमिशन एंड फीस रेगुलेशन कमेटी (एएफआरसी) ने प्रदेश के नर्सिंग कॉलेजों की तीन सत्र की फीस निर्धारण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। एएफआरसी सत्र 2024-25, 2025-26 और 2026-27 की फीस निर्धारित की जानी है। इसके लिए आवेदन की अंतिम तारीख 30 अप्रैल है। यदि कॉलेज फीस निर्धारित नहीं कराते हैं, तो उन्हें काउंसलिंग में शामिल नहीं किया जाएगा। इन कॉलेजों के विद्यार्थियों को मिलने वाली स्कॉलरशिप भी नहीं मिलेगी। कई नर्सिंग कॉलेज विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप के आधार पर प्रवेश दे देते हैं। आदिम जाति कल्याण और अन्य स्कॉलरशिप देने वाले विभागों ने फीस कमेटी द्वारा फीस निर्धारित होने के बाद ही स्कॉलरशिप देने के आदेश जारी किए हैं। जब तक कमेटी उन्हें फीस फिक्स करने का पत्र नहीं देगी, विभाग स्कॉलरशिप जारी नहीं करेंगे।

**मेट्रो एंकर** | हुजूर में नमो-नवमतदाता सम्मेलन का आयोजन

# 'देश का युवा मोदी की गारंटी का भी गारंटर है'

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

2024 के आम चुनाव से पहले देशभर में नवमतदाताओं को जोड़ने की कवायद शुरू हो गई है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर भाजयुमो द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर %नमो-नवमतदाता सम्मेलन% आयोजित किया गया, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने संबोधित किया।

भोपाल की हुजूर विधानसभा में भी विधायक रामेश्वर शर्मा द्वारा नमो-नवमतदाता सम्मेलन का आयोजन कराया गया, जिसमें भाजपा के राष्ट्रीय सहसंगठन महामंत्री शिवप्रकाश, भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष वैभव पवार के साथ हजारों नवमतदाताओं ने शामिल होकर प्रधानमंत्री मोदी को सुना।

इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने नवमतदाताओं से राष्ट्र की उन्नति के लिए आगे आने का आग्रह किया। मोदी के संबोधन के बाद नवमतदाताओं से विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि - देश का



युवा आज देश को प्रगति की राह पर द्रुत गति से अग्रसर होते देख रहा है। विश्व में भारत के बढ़ते मान-सम्मान का साक्षी है। वह मोदी की गारंटी भी देख रहा है और उन गारंटियों को पूरा होते भी देख रहा है। इसलिए अब देश का युवा मोदी की गारंटी का गारंटर बन गया है।

# आदिवासियों के लिए मिठी नवनिध के बच्चों ने किया अन्नदान

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

मिठी गोबिन्दराम पब्लिक स्कूल एवं नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा वनवासी कल्याण परिषद के आदिवासियों के लिए दाल-चावल का दान किया गया। विद्यार्थियों के इस पुण्य कार्य की वनवासी कल्याण परिषद के पदाधिकारी कमल प्रेमचंदानी ने सराहना की।

बता दे कि प्रतिवर्ष इन स्कूलों के विद्यार्थी मकर संक्राति पर और उसके बाद भी अपने घर से कच्चे दाल और चावल लाते है और इक्ट्ठे रूप से यह अन्न परिषद को दिया जाता है। इस अवसर पर संस्था उपाध्यक्ष हीरो

### वनवासी कल्याण परिषद को सौंपा दाल चावल

ज्ञानचंदानी, सचिव ए.सी. साधवानी, सह-सचिव एल रामनानी, वरिष्ठ सदस्य घनश्याम बूलचंदानी, कोषाध्यक्ष भगवान दामानी, अकादमिक डायरेक्टर गोपाल गिरधानी, विद्यालय प्राचार्य अजय बहादुर सिंह, उपप्राचार्या आशा चंगलानी, नवनिध स्कूल प्राचार्या अमृता मोटवानी, उपप्राचार्या रेखा केवलानी ने विद्यार्थियों के इस पुण्य कार्य की सराहना की।





नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
विकास के अमृत काल में संवैधानिक मूल्यों के साथ
रामराज्य की ओर बढ़ता मध्यप्रदेश
गुणवत्तापूर्ण शिक्षा | सशक्त और आत्मनिर्भर नारी शक्ति | अंत्योदय उत्थान
समृद्ध होता अन्नदाता | सक्षम युवा | सुलभ और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं | सांस्कृतिक समृद्धि
75 वें गणतंत्र दिवस
की प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...
"आइये, हम सब मिलकर मध्यप्रदेश को एक ऐसे गणतंत्र के रूप में लेकर आगे बढ़ें, जो सुराज, सुशासन सम्मत कार्यशैली और रामराज्य के आदर्शों का द्योतक हो, जिसमें सबका हित - सबका मंगल समाहित हो। शुभकामनाएं।"
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
D-11180/23
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
मध्यप्रदेश शासन
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024

**सुविचार**

''मैं तो पत्थर हूँ मेरे माता पिता शिल्पकार है,
मेरी हर तारीफ के वो ही असली हक़दार हैं।''

– अज्ञात

## संपादकीय

# अमृतकाल का गणतंत्र दिवस

*आज देश में 75वां गणतंत्र दिवस मन रहा है। यह अमृतकाल का गणतंत्र दिवस भी है। भारतीय संविधान के मुख्य वास्तुकार डॉ. बीआर अंबेडकर ने कहा था, - ''संविधान महज एक वकील का दस्तावेज नहीं है, यह जीवन का वाहन है और इसकी आत्मा हमेशा युग की भावना है''। इस संविधान को अपनाने के उपलक्ष्य में ही गणतंत्र दिवस का जश्न मनाया जाता है। गौरतलब है कि संविधान सभा का पहला सत्र 9 दिसंबर, 1946 को और आखिरी सत्र 26 नवंबर, 1949 को हुआ और फिर एक साल बाद संविधान को अपनाया गया। डॉ. बीआर अंबेडकर ने संविधान की मसौदा समिति का नेतृत्व किया और इस दिन भारत संविधान दिवस भी मनाता है। आज का मुख्य समारोह जो दिल्ली में हुआ उसका मुख्य आकर्षण वे झांकियां रहीं है जो भारत की समृद्ध परंपरा, सांस्कृतिक विरासत, देश की प्रगति और उपलब्धियों के आइने और भारतीय सेना, भारतीय नौसेना व एयर शो भी दिखाती हैं। कल राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने गणतंत्र दिवस की पूर्वसंध्या पर कहा भी है कि हमारे गणतंत्र का 75वां साल, कई अर्थों में देश की यात्रा में एक ऐतिहासिक पड़ाव है। राष्ट्र अमृत काल के प्रारंभिक वर्षों में है और यह एक युगांतरकारी परिवर्तन का समय है। उन्होंने देशवासियों से कहा, ''लोकतांत्रिक व्यवस्था पश्चिमी लोकतंत्र की अवधारणा से कहीं अधिक पुरानी है, इसीलिए भारत को 'लोकतंत्र की जननी' कहा जाता है। गणतंत्र दिवस, हमारे आधारभूत मूल्यों और सिद्धांतों को स्मरण करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। जब हम, उनमें से किसी एक बुनियादी सिद्धांतों पर चिंतन करते हैं तो स्वाभाविक रूप से अन्य सभी सिद्धांतों पर भी हमारा ध्यान जाता है। खास बात यह है कि राष्ट्रपति ने भारत के चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने का भी उल्लेख किया और अयोध्या के राम मंदिर का भी। उन्होंने अंतरिक्ष क्षेत्र की उपलब्धियों पर कहा कि हमें अपने वैज्ञानिकों और प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों पर सदैव गर्व रहा है, लेकिन अब ये पहले से कहीं अधिक ऊंचे लक्ष्य तय कर रहे हैं और उनके अनुरूप परिणाम भी हासिल कर रहे हैं। जबकि राम मंदिर पर उन्होंने कहा कि भारत की अपनी सभ्यतागत विरासत की निरंतर खोज में एक युगांतरकारी आयोजन के रूप में याद किया जाएगा। इसी तरह नारी शक्ति वंदन अधिनियम', महिला सशक्तिकरण का एक क्रांतिकारी माध्यम सिद्ध होगा। कुल मिलाकर यह गणतंत्र दिवस देश की विकास यात्रा के साथ ही आगामी समय में आने वाली कई मंजिलों की ओर भी संकेत देता है और इस हिसाब से काफी महत्वपूर्ण है। हालांकि संविधान की मूल भावना के कमजोर होने की बात भी राजनीतिक व सामाजिक क्षेत्र से कई बार उठीं हैं लेकिन संविधान का 75वां वर्ष यह बताने के लिए भी काफी है कि् आजाद होने के बाद देश व संविधान दोनों ही अपने परिपक्व स्वरूप में है। देशवासियों को भी अब और ज्यादा जोर से राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों के निर्वहन के प्रति जागरूक होना पड़ेगा,क्योंकि युवा आबादी का सबसे बड़ा देश होने के नाते यही वह समय है जब देश को अधिकाधिक उपलब्धियों को अर्जित करने का मौका है। वैसे तो गणतंत्र दिवस 26 जनवरी, 1950 को भारत के संविधान को अपनाने की याद दिलाता है। इस बार गणतंत्र दिवस परेड की थीम 'विकसित भारत' और 'भारत - लोकतंत्र की मातृका' रही है। जो लोकतंत्र के पोषक के रूप में भारत की भूमिका पर जोर देती है।*

# संयम-करुणा से नया इतिहास रचने का समय

**विश्वनाथ सचदेव**

बाईस जनवरी दो हज़ार चौबीस। यह कैलेंडर की एक तारीख मात्र नहीं है। अयोध्या में भगवान राम के 'भव्य, दिव्य मंदिर' की प्राण-प्रतिष्ठा के साथ ही यह तारीख, जैसा कि प्रधानमंत्री ने कहा है, 'नये इतिहास-चक्र की भी शुरुआत' है। इस अवसर पर किये गये संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संकल्प 'सबका साथ, सबका विकास और सबके विश्वास' को एक नया आयाम भी दिया है। यह सही है कि भारतीय जनता पार्टी के लिए अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण एक चुनावी वादे का पूरा होना भी है। चुनावी घोषणापत्र में भाजपा लगातार इसकी बात भी करती रही है और यह भी सही है कि अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली सरकार ने इस मुद्दे को स्थगित रखकर एक राजनीतिक परिपक्वता का उदाहरण ही प्रस्तुत किया था। लेकिन उच्चतम न्यायालय के निर्णय के बाद 'बालक राम' के मंदिर का निर्माण निर्बाध भी हो गया था और एक स्वाभाविक परिणति भी।



अयोध्या में मंदिर निर्माण को पूरे देश में जो प्रतिसाद मिला है, वह कल्पनातीत है। भाजपा को इसका राजनीतिक लाभ मिलेगा, इसमें कोई संशय नहीं, पर जैसा कि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा है, 'राम विवाद नहीं, समाधान है'। उनके इस कथन को समझा और स्वीकारा जाना चाहिए। यह भी समझा जाना चाहिए कि प्रधानमंत्री का यह कथन देश में संभावनाओं के नये आयाम भी खोल रहा है। राम और राष्ट्र के बीच की दूरी को पाटने का एक स्पष्ट संकेत भी प्रधानमंत्री ने दिया है। इस बात को भी समझने की ईमानदार कोशिश होनी चाहिए। राम की महत्ता हिंदू समाज के आराध्य होने में ही नहीं है, राम प्रतीक हैं सुशासन के। सुशासन, जिसमें हर नागरिक को, चाहे वह किसी भी धर्म, जाति, वर्ण, वर्ग का हो, प्रगति करने का समान और पर्याप्त अवसर मिलना चाहिए। तुलसी ने कहा था 'दैहिक, दैविक, भौतिक तापा, राम राज नहिं कहुहि व्यापा' इस राज में, 'नहिं दरिद्र कोउ दुखी न दीना, नहीं कोउ अबुध न लच्छन हीना।' किसी भी अच्छे शासन में यह बुनियादी स्थिति होनी चाहिए। राम-राज्य की बात तो हम बहुत करते हैं पर यह भूल जाते हैं कि राम-राज्य की परिकल्पना में हर नागरिक को समान अधिकार प्राप्त थे। राम ने तो स्वयं यह बात स्पष्ट की थी कि यदि राज-काज में उनसे कोई ग़लती हो जाती है तो हर नागरिक को यह अधिकार है, और यह उसका दायित्व है कि वह राजा को ग़लती का अहसास कराये। आज जब देश अयोध्या में राम मंदिर का उत्सव मना रहा है, यह बात भी याद रखना ज़रूरी है कि वनवास भोगकर जब भगवान राम अयोध्या लौटे थे तो हर नागरिक को खुशी मनाने का अवसर और अधिकार मिला था। समान अधिकार। राम के समावेशी शासन में कोई पराया नहीं था। सब अपने थे।

आज जब देश 'राममय' हो रहा है, इस अपने-पराये का भेद मिटाने की आवश्यकता को भी समझना ज़रूरी है। धर्म के नाम पर, जाति के नाम पर, होने वाला कोई भी विभाजन 'राम-राज्य' में स्वीकार्य नहीं हो सकता। सांस्कृतिक अथवा धार्मिक राष्ट्वाद के नाम पर किसी को कम या अधिक भारतीय आंकना भी राम-राज्य की भावना के प्रतिकूल है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि अयोध्या में नया मंदिर बनने के बाद हिंदू समाज में एक नया उत्साह है। स्वाभाविक भी है यह। पर इस भाव की सीमाओं को भी समझना होगा हमें। नदी जब किनारा छोड़ती है तो बाढ़ आ जाती है। सरसंघ चालक मोहन भागवत ने प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर कहा था 'जोश के माहौल में होश की बात' करनी ज़रूरी है। यह होश ही वह किनारे हैं जो नदी को संयमित रखते हैं। बाढ़ से बचाते हैं। बाढ़ का मतलब तबाही होता है, इस तबाही से बचाना है तो हमें 'संयम बरतना होगा,' सहमति के संवाद का मार्ग स्वीकारना होगा।

यह समझना ज़रूरी है कि 'सहमति के लिए' और 'सहमति का संवाद' बने कैसे? इसके लिए विजय के साथ-साथ विनय की भी आवश्यकता है। प्रधानमंत्री ने आने वाले हज़ार वर्षों के भारत की नींव रखने की बात कही है। इस नींव को आपसी भाई-चारे और मनुष्य की एकता-समानता के सीमेंट से ही मज़बूत बनाया जा सकता है। यहीं इस बात को भी रेखांकित किया जाना ज़रूरी है कि हमारी कथनी और करनी में अंतर नहीं होना चाहिए। जब हम एक भारत श्रेष्ठ भारत की बात करते हैं तो यह भी समझना होगा कि आसेतु-हिमालय एक भारत जिस समाज से बनेगा वह किसी धर्म-विशेष का नहीं होगा। भारत के नागरिक का धर्म चाहे कोई भी हो, वह पहले भारतीय है। हर धर्म हमें मनुष्य बनने की प्रेरणा देता है। हर धर्म हमें एक-दूसरे की भावनाओं का आदर करने का संदेश देता है। हर धर्म हमें सिखाता है कि लक्ष्य एक है सिर्फ वहां तक पहुंचने के रास्ते अलग-अलग हैं। फिर, आदमी और आदमी में भेद किस बात का? मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर या गुरुद्वारे में धर्म को बांट कर वस्तुतः हम धर्म को न समझने का उदाहरण ही प्रस्तुत करते हैं।

बहरहाल, अब जबकि अयोध्या में रामलला के भव्य-मंदिर का निर्माण हो चुका है, और हम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा का उत्सव भी मना चुके हैं तो हमें आगे क्या करना है? यह सवाल अपने संबोधन में भागवत ने भी उठाया था। उन्होंने कहा था, अब हमें अहंकार को छोड़कर करुणा और संयम से काम लेना होगा। समय आ गया है जब हमें सदियों के इतिहास को पीछे छोड़कर आने वाली सदियों के इतिहास की शुरुआत करनी है। एक नया इतिहास रचने का समय है यह। संयम और करुणा के भाव से ही मनुष्यता का भावी इतिहास रचा जा सकता हैङ्क इस आने वाले कल के इतिहास में घृणा नहीं होगी, अहंकार नहीं होगा, एक-दूसरे के प्रति वैर-भाव नहीं होगा। किसी काम में देरी होने के लिए किसी से क्षमा मांगने की ज़रूरत भी नहीं है। सिर्फ अपना काम ईमानदारी से करने की ज़रूरत है। और क्या है यह अपना काम?

अपना काम अर्थात स्वयं को मनुष्यता के अनुकूल ढालने की ईमानदार कोशिश। जब हम राम को आग नहीं, ऊर्जा के रूप में समझें- स्वीकारेंगे तो यह भी समझ आ जायेगी कि जब हम राम को सबका कहते हैं तो इसका अर्थ सबको अपना समझना होता है, परायेपन के बोझ से मुक्त होना होता है। जब हम भारतीय सबको अपना समझ लेंगे तो यह भी समझ आ जायेगा कि जिस धर्म की स्थापना के लिए राम का जन्म हुआ था, वह मानव धर्म था। मानव धर्म अर्थात? मनुष्य की एकता और समानता में विश्वास। जब हमारा आचरण इस धर्म के अनुकूल होगा तभी राम का काम पूरा होगा। तभी हम कह पायेंगे, राम हमारा आदर्श हैं, हमारी आस्था हैं, हमारी पहचान हैं। विजय तब नहीं होती जब हम अपने शत्रु को परास्त करते हैं, विजय तब होती है जब हम शत्रु को यह अहसास दिला पाते हैं कि एक-दूसरे से नफरत करके हम अपने भीतर के मनुष्य को हराने की ही कोशिश करते हैं। भीतर के उस मनुष्य को जगाना, जगाये रखना ज़रूरी है। अयोध्या में रामलला की मूर्ति की प्राण- प्रतिष्ठा तो हो गयी, अपने भीतर की मनुष्यता की प्राण-प्रतिष्ठा भी ज़रूरी है। यह काम शब्दों से नहीं, कर्म से होगा।

**यह लेखक के अपने विचार हैं।**

# नरेन्द्र मोदी के राम एवं राष्ट्र को समझें

**ललित गर्ग**



केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अयोध्याधाम में प्रभु श्रीराम मंदिर के सफल प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना की और एक धन्यवाद प्रस्ताव में कहा कि लोगों द्वारा उनके प्रति दिखाए गए प्यार और स्नेह ने उन्हें 'जननायक' के रूप में स्थापित किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा पढ़े गए इस प्रस्ताव में मोदी को एक नए युग का अग्रदूत बताया गया। क्योंकि उन्हीं की अगुवाई में सोमवार को अयोध्या में संपन्न कार्यक्रम में नवनिर्मित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के गर्भगृह में श्री रामलला के नवीन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की गई। प्रस्ताव में यह भी कहा गया, हम कह सकते हैं कि 1947 में इस देश का शरीर स्वतंत्र हुआ था और अब इसमें आत्मा की प्राण-प्रतिष्ठा हुई है। निश्चित ही मोदी अब इस नए युग के प्रवर्तन के बाद, नवयुग प्रवर्तक के रूप में भी सामने आए हैं। श्रीरामलला के नूतन विग्रह में प्राण-प्रतिष्ठा की अपूर्व एवं अलौकिक घटना भारत के लिये युगांतरकारी है। हम एक नये युग में पदार्पण कर रहे हैं। यह नवयुग एवं नया दौर आशा और विश्वास के साथ ही जिम्मेदारियों से भरा है।

नरेन्द्र मोदी के महान एवं ऊर्जस्वल व्यक्तित्व को एक राजनीतिक दल के सर्वोच्च नेता के सीमित दायरे में बांधना उनके व्यक्तित्व को सीमित करने का प्रयत्न है। उन्हें नए राष्ट्र का निर्माता कहा जा सकता है। मोदी जैसे व्यक्ति दो-चार नहीं, अद्वितीय होते हैं। उनका गहन चिन्तन राष्ट्र के आधार पर नहीं, वरन् उनके चिन्तन में राष्ट्र अपने को खोजता है। उन्होंने राष्ट्र निर्माण के माध्यम से स्वस्थ मूल्यों को स्थापित करके राष्ट्र को सजीव एवं शक्तिसम्पन्न बनाने का प्रयत्न किया है। राष्ट्र-निर्माण की कितनी नयी-नयी कल्पनाएं उनके मस्तिष्क में तरंगित होती रहती हैं। अयोध्या में भगवान श्रीराम के 'भव्य, दिव्य मंदिर' की प्राण-प्रतिष्ठा उनके ही संकल्पों की निष्पत्ति है। इसके साथ ही प्राण-प्रतिष्ठा की यह तारीख आने वाले हजारों वर्षों के लिये एक उजाला एवं संकल्प बनते हुए नये इतिहास का सृजन करने वाली शुभ एवं श्रेयस्कर गति है। जैसा कि नरेन्द्र मोदी ने कहा है, 'यह नये इतिहास-चक्र की भी शुरुआत' है। इस अवसर पर दिये गये संबोधन में मोदी ने अपने संकल्प 'सबका साथ, सबका विकास और सबके विश्वास' को एक नया आयाम भी दिया है। नरेन्द्र मोदी केवल व्यक्तियों के समूह को राष्ट्र मानने को तैयार नहीं हैं। उनकी दृष्टि में राष्ट्र के सदस्यों में निम्न विशेषताओं का होना आवश्यक है जिस राष्ट्र के सदस्यों में इस्पात सी दृढ़ता, संगठन में निष्ठा, चारित्रिक उज्ज्वलता, कठिन काम करने का साहस और उद्देश्य पूति के लिए स्वयं को झोंकने का मनोभाव होता है, वह राष्ट्र अपने निर्धारित लक्ष्य तक बहुत कम समय में पहुंच जाता है। कहा जा सकता है कि नरेन्द्र मोदी के राष्ट्र-चिंतन में जो क्रांतिकारिता, परिवर्तन एवं नये दिशाबोध हैं, वे राष्ट्र के चिंतकों को भी चिंतन की नयी खुराक देने में समर्थ हैं।

अयोध्या में मोदी ने अपने संबोधन में कहा है, 'राम विवाद नहीं, समाधान है'। उनके इस कथन को व्यापक परिप्रेक्ष्य में समझा और स्वीकारा जाना चाहिए। यह भी समझा जाना चाहिए कि प्रधानमंत्री का यह कथन देश में संभावनाओं के नये आयाम भी खोल रहा है। राम और राष्ट्र के बीच की दूरी को पाटने का एक स्पष्ट संकेत भी प्रधानमंत्री ने दिया है। इस बात को भी समझने की ईमानदार कोशिश होनी चाहिए कि श्रीराम की महत्ता हिंदू समाज के आराध्य होने में ही नहीं है, बल्कि उन्हें सुशासन का प्रतीक पुरुष एवं शासक समझने में भी है। तभी हमारा राष्ट्र राजनीतिक विसंगतियों से मुक्त होकर सुशासन का आधार बन सकता है। जिसमें हर नागरिक को, चाहे वह किसी भी धर्म, जाति, वर्ण, वर्ग का हो, प्रगति करने का समान और पर्याप्त अवसर मिलना चाहिए।

प्रभु श्रीराम के मन्दिर की प्राण-प्रतिष्ठा इस सोच और संकल्प के साथ आयोजित हुआ है कि हमें कुछ नया करना है, नया बनना



है, नये पदचिह्न स्थापित करने हैं। बीते वर्षों की कमियों पर नजर रखते हुए उन्हें दोहराने की भूल न करने का संकल्प लेना है। हमें यह संकल्प करना और शपथ लेनी है कि आने वाले वर्षों में हम ऐसा कुछ नहीं करेंगे जो हमारे उद्देश्यों, उम्मीदों, उमंगों और आदर्शों पर प्रश्नचिह्न टांग दे। अपनी उपलब्धियों का अंकन एवं कमियों की समीक्षा कर इस अवसर पर हर व्यक्ति अपनी विवेक चेतना को जगाकर अपने भाग्य की रेखाओं में राष्ट्रीयता और जिजीविषा के रंग भरें, सामंजस्य एवं सहिष्णुता को जीवन के व्यवहार में उतारने का अभ्यास करें। केवल अपनी भावनाओं को ऊंचा स्थान दे, वह स्वार्थी होता है। स्वार्थी होने की कीमत चुकानी ही पड़ती है। दूसरों की भावना के प्रति उदार बनें। उदार होने का मतलब है आप किसी के कहे बिना भी उनकी भावनाओं को समझें। उसके बारे में सोचें, विचारें। इससे आपके जीने का अंदाज बदल जायेगा। यही जीने की आदर्श शैली का प्रशिक्षण प्राण-प्रतिष्ठा महा-महोत्सव का हार्द है।

समूचा देश 'राममय' हो रहा है, इस ऐतिहासिक एवं अविस्मरणीय अवसर पर अपने-पराये का भेद मिटाने की आवश्यकता को भी समझना ज़रूरी है। धर्म के नाम पर, जाति के नाम पर, अर्थ के नाम पर, भाषा के नाम पर होने वाला कोई भी विभाजन 'राम-राज्य' में स्वीकार्य नहीं हो सकता। सांस्कृतिक अथवा धार्मिक राष्ट्वाद के नाम पर किसी को कम या अधिक भारतीय आंकना भी राम-राज्य की भावना के प्रतिकूल है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि अयोध्या में नया मंदिर बनने के बाद हिंदू समाज में एक नया उत्साह है, जो स्वाभाविक भी है। पर हमें इस भाव की सीमाओं को भी समझना होगा। नदी जब किनारा छोड़ती है तो बाढ़ आ जाती है। सरसंघचालक मोहन भागवत ने प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर कहा भी था 'जोश के माहौल में होश की बात' करनी ज़रूरी है। यह होश ही वे किनारे हैं जो नदी को संयमित रखते हैं। जीवन का पड़ाव चाहे संसार हो या संन्यास, सीमा, संयम एवं मर्यादा जरूरी है। मर्यादा जीवन का पर्याय है। धरती, अंबर, समन्दर, सूरज, चांद-सितारें, व्यक्ति, धर्म एवं समाज सब अपनी-अपनी सीमाओं में बंधे हैं। जब भी उनकी मर्यादा एवं सीमा टूटती है, प्रकृति प्रलय एवं समाज अराजकता में परिवर्तित हो जाता है।

प्रभु श्रीराम के जीवन का कण-कण हमें मर्यादा की बात सिखा रहा है। अपेक्षा है, मानव अनुशासन और संयम को अपनाकर जीवन को संवारे। प्रभु श्रीराम के मन्दिर की प्राण-प्रतिष्ठा का यह पावन अवसर सबको यही संदेश देता है कि संयम, सहिष्णुता एवं समानता से ही समस्याओं का निपटारा संभव है। पथभ्रान्त पथिक के लिये मर्यादा ही सच्चा पथदर्शन बनेगी। युग की उफनती समस्याओं की नदी मर्यादा की मजबूत नाव से ही पार की जा सकेगी। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की इस भूमि पर मर्यादा को स्थापित करने और उसे गौरवान्वित करने की इस विलक्षण एवं अनूठी घटना से हम सभी प्रेरित हो, विनाश का ग्रास बनती इस ऊर्वरा भारत-भू को विकास के शिखर पर चढ़ाएं।

सहिष्णुता यानि सहनशीलता। दूसरे के अस्तित्त्व को स्वीकारना, सबके साथ रहने की योग्यता एवं दूसरे के विचार सुनना- यही शांतिप्रिय एवं सभ्य समाज रचना एवं रामराज्य का आधारसूत्र है और इसी आधारसूत्र को नये भारत का संकल्पसूत्र बनाना है। परिवार, गांव, समाज जैसी संस्थाएं टूट रही हैं। रिश्ते समाप्त हो रहे हैं। आत्मीयता समाप्त हो रही है। तथाकथित विकास के रास्ते पर जो हम चल रहे हैं वह केवल बाहरी/भौतिक है, जो सहिष्णुता के आसपास पनपने वाले सभी गुणों से हमें बहुत दूर ले जा रहा है। आधुनिक संचार माध्यमों के कारण जहां दुनिया छोटी होती जा रही है, वहीं मनुष्य ने अपने चारों तरफ अहम् की दीवारें बना ली हैं, जिसमें सहिष्णुता के लिए कोई गुंजाइश नहीं है। राष्ट्र की वर्तमान परिस्थितियों में फैलता वैचारिक एवं अनैतिक प्रदूषण, आर्थिक अपराधीकरण, रीति-रिवाजों में अपसंस्कृति का अनुसरण, धार्मिक संस्कारों से कटती युवापीढ़ी का रवैया, समाज-राष्ट्र में बढ़ता सत्ता, प्रतिष्ठा और धन का अन्धाधुन्ध आकर्षण जैसे जीवन-सन्दर्भो के साथ किसी भी कीमत पर समझौता न कर हम समझ के साथ प्रभु श्रीराम के जीवन-आदर्शों को बहुमान दें। तभी रामराज्य की बुनियाद पर समाज एवं राष्ट्र को नई प्रतिष्ठा एवं नई दिशा मिल सकेगी।

**यह लेखक के अपने विचार हैं।**

## निशाना

### ताज़ा अब बयान !



– कृष्णेन्द्र राय

एकला है चलना ।
ताज़ा अब बयान ।।
ना लगता भरोसा ।
स्वयं अब सम्मान ।।
मच गई है खलबली ।
है सीटों का खेल ।।
बोल रहे हैं साथ-साथ ।
पर नहीं है मेल ।।
है नज़दीक चुनाव ।
बाकी पर बंटवारा ।।
हास्यास्पद बन रहा ।
आगे का नज़ारा ।।
एकमत ना हो पाए ।
जंग पर है जारी ।।
है भगवान भरोसे ।
आगे की तैयारी ।।

## आज का इतिहास

- 823 – अमेरिका के राष्ट्रपति जेम्स मोनरो ने दक्षिण अमेरिका के लिये पहला राजदूत नियुक्त किया।
- 1880 – थॉमस अल्वा एडीसन ने बिजली से चलने वाले बल्ब का पेटेंट कराया।
- 1888 – नेशनल ज्योग्राफिक सोसाइटी का वाशिंगटन में आयोजन किया गया।
- 1891 – पेंसिल्वेनिया के माउंट प्लीसेंट में खदान विस्फोट में 109 लोग मारे गये।
- 1905 – फ्रांस में मौरिस राउविएर की सरकार बनी।
- 1915 – अमेरिकी मरीन ने हैती पर कब्जा किया।
- 1943 – अमेरिका ने जर्मनी पर पहली बार हवाई हमला किया।
- 1944 – सोवियत सेना ने जर्मनी और फिनलैंड की सेनाओं को सेंट पीटर्सबर्ग से निकालकर पिछले 872 दिन की घेराबंदी को समाप्त किया।
- 1959 – नयी दिल्ली में पहले इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी कॉलेज की आधारशिला रखी गयी।
- 1967– 'अपोलो-1' दुर्घटना में तीन अंतरिक्ष यात्रियों की मौत हो गई।
- 1969 – इराक की राजधानी बगदाद में 14 लोगों को जासूसी के अपराध में फांसी की सज़ा सुनायी गयी थी।
- 1974 – राष्ट्रपति वी. वी. गिरि ने नयी दिल्ली के तीन मूर्ति स्थित नेहरु मेमारियल म्यूजियम को राष्ट्र को समर्पित किया।
- 1988 – पहली बार हेलीकॉप्टर डाक सेवा का उद्घाटन किया गया था।
- 1996 – फ्रांस ने अपना छठा एवं संभवतः अंतिम परमाणु परीक्षण किया।
- 2009 – भारत के आठवें राष्ट्रपति आर. वेंकटरमन का निधन हुआ था।
- 2010 – तेलुगु चलचित्र अभिनेता गुम्माडी वेंकटेश्वर राव का निधन।
- 2013 – अफगानिस्तान के कंधार में बम हमलों में 20 पुलिस अधिकारी मारे गये।
- 2013 – मिस्र में विरोध प्रदर्शन के दौरान सात लोगों की मौत और 630 लोग घायल हुए।



## नर्मदापुरम कलेक्टर सोनिया मीना ने कलेक्ट्रेट में फहराया राष्ट्रीय ध्वज

**नर्मदापुरम।** 75 वें गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर नर्मदापुरम कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने कलेक्टर कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह सहित कलेक्ट्रेट के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



## नर्मदापुरम में परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

**नर्मदापुरम।** 75 वें गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने जिला स्तरीय मुख्य समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

### बच्चों ने किया कौशल प्रदर्शन, मिले ट्रेक सूट

# राष्ट्रीय पर्यटन दिवस के अवसर में ढाबा पर्यटन गांव में कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

जिले में जगह जगह पर्यटन स्थलों पर राष्ट्रीय पर्यटन दिवस के आयोजन किये गए। मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड के द्वारा संचालित ग्रामीण पर्यटन एवं महिलाओं को सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना के अंतर्गत इंडियन ग्रामीण सर्विसेज के द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से राष्ट्रीय पर्यटन दिवस ढाबा पर्यटन गांव में धूमधाम से मनाया गया कई गतिविधि भी की गई.कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सोहागपुर के अनुविभागीय अधिकारी राजेंद्र रावत, जिला पुरातत्व पर्यटन संस्कृति परिषद के पर्यटन प्रबंधक मनोज सिंह ठाकुर इंडियन ग्रामीण सर्विसेज के वरिष्ठ प्रबंधक कन्हाई कुमार ने उपस्थित रहकर दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया कार्यक्रम का संचालन नई विकास कल्याण समिति का संचालन राजेश चौहान के द्वारा किया गया कार्यक्रम में सहारा एवं उर्दन गांव के महिलाओं के द्वारा प्रशिक्षण लिए हुए मिट्टी कला एवं गोंड चित्रकला का सामग्री की प्रदर्शनी लगाकर प्रदर्शन किया. कार्यक्रम में आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्राप्त किए हुए सोहागपुर कन्या शाला के बच्चों के द्वारा आत्मरक्षा का कौशल प्रदर्शन किया गया साथ ही सभी बच्चों को ट्रैकसूट प्रमाणपत्र वितरण किया गया।

इंडियन ग्रामीण सर्विसेज के पचमढ़ी संकुल प्रमुख अर्चना दास द्वारा बताया की ग्रामीण पर्यटन के माध्यम से ग्रामीण लोग को रोजगार से जोड़ा जा रहा है एवं उनके संस्कृति परंपरा का प्रचार प्रसार होने के साथ-साथ पर्यावरण का भी संरक्षण किया जा रहा है महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना के द्वारा ग्रामीण महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण के पर काम किया जा रहा है जिसके माध्यम से ग्रामीण महिलाओं में आत्मविश्वास भी बढ़ रहा हैं अनुविभागीय अधिकारी बृजेंद्र रावत बोले ग्रामीण लोगों को एवं महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए इंडियन ग्रामीण सर्विसेज द्वारा किया जा रही पहल सराहनीय है जिसके माध्यम से ग्रामीण लोग एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर हो पा रहे हैं कार्यक्रम के अंत में सर्विस फ्रंट ऑफिस सेल्स रिटेल एवं हाउसकीपिंग गोंड कला आदि प्रशिक्षण को प्रमाणपत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद पर्यटन प्रबंधक द्वारा सभी को पर्यटन दिवस की बधाई दी गई एवं सभी ग्रामीणों एवं कार्यक्रम में शामिल हुए लोगो को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर संकल्प दिलाया गया राष्ट्रीय पर्यटन दिवस पर ढाबा ग्राम वासियों के द्वारा स्थानीय व्यंजन का प्रस्तुतीकरण किया गई, एवं अतिथियों के द्वारा बैलगाड़ी पर घूमने एवं आदिवासी लोक नृत्य के माध्यम से मनोरंजन किया गया कार्यक्रम में सोहागपुर मित्र संघ समिति के आशीष किरार सेपस इंडिया पिपरिया के संचालक मोहम्मद सलीम ढाबा उर्दन पर्यटन गांव के गोरी हुई पुष्पा बाई रामकेश प्रिया दिकू अनीता दिकू आरती हुईके शारदा हुईके अनीता राजवती छेड़ता पर्यटन गांव से अंजलि संजीव मस्कुले आदि उपस्थित रहे।

## अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन, जंगल का भ्रमण में वन प्राणियों की स्कूली बच्चों को मिली जानकारी



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

वनमंडल बानापुरा वनपरिक्षेत्र के पीपलगोटा में अनुभूति कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। बच्चों को जंगल के जानवर , पेड़ पौधे , जड़ी बूटियों से अवगत कराया गया पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए अनुभूति कार्यक्रम आयोजित हुआ वन परिक्षेत्र बानापुरा के वन ग्राम पीपलगोटा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नेहरू विद्यालय बानापुरा के 120 छात्र - छात्राओं सहित स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं ने हिस्सा लिया वहीं कार्यक्रम मे वन विभाग के एसडीओ अनिल विश्वकर्मा, परिक्षेत्र अधिकारी बनापुरा जी एस पवार एवं वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे । वन विभाग से सेवानिवत्त एसडीओ मास्टर ट्रेनर आर के चौरे एवं मास्टर ट्रेनर एसएन मालवीय ने वन्य प्राणियों व पेड़ - पौधों के संबंध में अमूल्य जानकारी छात्र छात्राओं को दी। वन विभाग के कार्य एवं अधिकारियो कर्मचारियों के कार्य एवं दायित्यो से अवगत कराया गया कार्यक्रम के दौरान स्कूली विद्यार्थियों को वन भ्रमण , पक्षी दर्शन , वन प्राणियों के पद चिन्ह और पेड़ पौधों के औषधि गुण के संबंध में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थी द्वारा रंगोली, चित्रकला प्रतियोगिता प्रस्तुत कर प्रश्न उत्तर किया गया। वहीं पुरस्कार वितरण किया और बच्चों को सील्ड , पेन अनुभूति कार्यक्रम सम्बंधित पुस्तकों, कैप एवं प्रमाण पत्र का वितरण किया गया

## मतदाता जागरूकता के अंतर्गत नर्मदा कॉलेज के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक द्वारा अनिवार्य मतदान का संदेश दिया



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

नर्मदा कॉलेज में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य लोकतंत्र में मतदान का महत्व बताना और हर युवा को बूथ तक जाने के लिए प्रेरित करना रहा। प्राचार्य डॉ ओ एन चौबे ने जानकारी दी कि सौ प्रतिशत मतदान एवं जन जागरण की दिशा में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। नुक्कड़ नाटक द्वारा संदेश दिया गया कि उदासीनता छोड़कर घर से निकलें और बिना भेदभाव के सरकार बनाने की दिशा में अग्रसर होवें। नोडल अधिकारी डॉ आर एस बोहरे ने बताया कि नाटक में सकारात्मकता, समृद्धि, और खुशहाली के लिए अपना वोट अवश्य करें संदेश दिया गया।

## भोज मुक्त विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और प्राध्यापकों ने स्वच्छता अभियान चलाया

### कालेज तथा आसपास के वातावरण को साफ रखने का संकल्प लिया गया



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

नर्मदा कॉलेज में संचालित भोज मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ संजय तिवारी के निर्देशानुसार विकसित भारत अभियान श्रृंखला के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान भोज विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों में प्रविष्ट विद्यार्थियों और प्राध्यापकों ने कॉलेज कैंपस में साफ सफाई की। सभी से डस्टबिन के प्रयोग करने का आग्रह किया । क्षेत्रीय निदेशक प्राचार्य डॉ ओ एन चौबे ने बताया कि स्वच्छता अभियान का उद्देश्य जन सामान्य को घरों, सड़कों, कार्यालयों और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखना व संक्रमण से जुड़ी बीमारियों को नियंत्रित करने स्वस्थ और स्वच्छ भविष्य की ओर कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित करना है। स्वच्छता के महत्व के बारे में जन जागरूकता के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी विद्यार्थियों से अपील की गई कि वे अपने आसपास के वातावरण को साफ रखें व स्वच्छ भारत अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

## अवैध खनन एवं परिवहन के खिलाफ कार्रवाई जारी



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

जिले में अवैध उत्खनन परिवहन भण्डारण के विरूद्ध राजस्व, खनिज एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही जारी है। 24 जनवरीको खनिज विभाग द्वारा जाँच के दौरान ग्राम-बारछी, बनखेड़ी से रेत खनिज का अवैध परिवहन करते हुए 01 ट्रेक्टर ट्राली पावरटेक बिना नंबर को जप्त कर पुलिस थाना बनखेड़ी की अभिरक्षा में रखा गया है। 25 जनवरी को ग्राम-अजबगांव, सोहागपुर से रेत खनिज का अवैध उत्खनन करते हुए 01 ट्रेक्टर ट्राली पावरटेक बिना नंबर को जप्त कर पुलिस थाना सोहागपुर की अभिरक्षा में रखा गया है। उक्त कार्यवाहियों में कृष्णकांत सिंह परस्ते, खनि निरीक्षक नर्मदापुरम एवं हेमन्त राज, सिपाही खनिज शाखा नर्मदापुरम तथा होमगार्ड बल उपस्थित रहा।


## कार्यालय नगरपालिका परिषद सिरोंज जिला विदिशा (म.प्र.)

क्रमांक /राज./2024/115 दिनांक 24.01.2024

### नामांतरण विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार आवेदकगणों द्वारा मध्य प्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के अंतर्गत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जो नगरपालिका में विचाराधीन है।

| क्र. | प्रकरण क्र. | क्रेता | विक्रेता | पता | आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 276/ना/2024 | नुसरत जहॉ/इफतकार | कदीर अली/मोहम्मद अली | वार्ड 02 | विक्रेय पत्र |
| 2 | 277/ना/2024 | नजर अली/हूरअली | चन्द्रकांत, रविकांत/ सरदार मल जैन | वार्ड 13 | विक्रेय पत्र |
| 3 | 278/ना/2024 | रक्षा शर्मा/प्रकाश शर्मा | अंकुर जैन | वार्ड 16 | विक्रेय पत्र |
| 4 | 279/ना/2024 | रागनी जैन/राजकुबेर जैन | राजकुबेर/भूरेलाल जैन | वार्ड 11 | विक्रेय पत्र |
| 5 | 280/ना/2024 | रागनी जैन/राजकुबेर जैन | राजकुबेर/भूरेलाल जैन | गांधी बाजार | विक्रेय पत्र |
| 6 | 281/ना/2024 | आयशा बी/कासिम मियां | राशिद अली | वार्ड 02 | विक्रेय पत्र |
| 7 | 282/ना/2024 | अंकित, सचिन/ द्वारका प्रसाद भार्गव | पूरनचन्द साहू | वार्ड 03 | विक्रेय पत्र |
| 8 | 283/ना/2024 | आमिर अली/अंसार अली | शाद अख्तर मंसूरी | वार्ड 21 | विक्रेय पत्र |
| 9 | 284/ना/2024 | सुमन तारण/प्रमोद तारण | अलिया बी/अ. मजीद खां | वार्ड 13 | विक्रेय पत्र |
| 10 | 285/ना/2024 | कमला चौरसिया/राजेन्द्र चौरसिया आदि | राजेन्द्र चौरसिया/गोपीलाल | वार्ड 05 | शपथपत्र फोती नामा. |
| 11 | 286/ना/2024 | हरिओम सोनी/बसन्तीलाल | राकेश/मुन्नीलाल कुशवाह | वार्ड 13 | विक्रेय पत्र |
| 12 | 287/ना/2024 | कैलाश बाबू/सूरजमल अग्रवाल | मोहिनी देवी/रमेश चन्द अग्रवाल आदि | वार्ड 09 | विक्रेय पत्र |
| 13 | 288/ना/2024 | ममता बाई/रामवीर यादव | रामदयाल शर्मा/ परमानंद शर्मा | वार्ड 13 | विक्रेय पत्र |

अतः उपरोक्त दावो के संबंध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति लिखित में प्रमाण सहित इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 15 दिवस के भीतर नगरपालिका कार्यालय में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकता है। अन्यथा वाद अवधी यह मानकर किसी को कोई आपत्ति नहीं आगामी कार्यवाही की जावेगी।


**मेट्रो एंकर** | लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में युवा मतदाता सम्मेलन

# युवा भारत के भविष्य निर्माता, नवमतदाता अपने मत का सदुपयोग जरूर करें: विधायक शर्मा

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

आप सबको लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा बनना है आपका एक एक वोट भारत की दिशा को तय करेगा भारत के भाग्य को उज्जवल बनाने के लिए आप वोट अवश्य करें। आने वाले 25 वर्ष भारत देश के लिए बहुत अहम है यह विचार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवयुवकों के साथ जुड़ते हुए साझा किए। मौका था मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में नवमतदाता सम्मेलन का जिसके सूत्रधार बने स्थानीय विधायक उमाकांत शर्मा,जिन्होंने एक साथ सैकड़ो नवमतदाता बच्चों को एलबीएस कॉलेज के मैदान पर सम्मेलन आयोजित करवा कर देश के प्रधानमंत्री को एलईडीई के लाइव प्रसारण माध्मय से रूबरू किया। शासकीय लाल बहादुर शास्त्री स्नाकोत्तर महाविद्यालय में गुरूवार को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सुनने के बाद छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि भारत युवाओं का देश है और आप देश के भविष्य निर्माता



हो। मोदी जी के नेतृत्व में देश नवीन उचाईयों को छू रहा है में आप सब मे भारत के भविष्य को देख रहा हूँ। आप सब सकारात्मक उर्जा के साथ आगे बढ़ने के साथ महाविद्यालय स्तरीय गतिविधियों खेल, भाषण या कोई भी रचनात्मक गतिविधियो में जोर शोर के साथ भाग लिया कीजिए। से गुरू शिष्य के संबध में प्रकाश डालते हुए कहा कि बालक की प्रथम गुरु उसकी माँ और परिवार संस्कार केंद्र होता है। हम सब मिलकर ही बच्चे के मन मस्तिष्क की कोरी स्लेट पर लिखते है। उन्होंने माता पिताओं से बच्चों पर अनावश्यक दबाब नही देने के साथ नवयुवक युवतियों से अपने माता पिताओं को अनावश्यक परेशान न करने का आव्हान न करते हुए सम्मान करने का करने की बात कही। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी हर्षल चौधरी , जनभागीदारी के अध्यक्ष शिवकुमार भार्गव,नपा अध्यक्ष मनमोहन साहू,पार्षद सचिन शर्मा, जनभागीदारी समिति सदस्य मुंशीलाल कुशवाह, अल्पसंख्यक मोर्चे के नेता लियाकत भाई सहित बडी संख्या में युवा मतदाता उपस्थित रहें ।

### प्रतिभाओ को निखारने हो खेल प्रतियोगिताएं

एलबीएस कॉलेज के मैदान पर विशाल सँख्या में एकत्रित छात्र छात्राओं से चर्चा करते हुए विधायक शर्मा ने जब खेल प्रतियोगिता के बारे में जानकारी ली तो खेल प्रतिभाओं का अभाव दिखाई दिया तो उन्होंने कॉलेज प्रबंधन से राष्ट्रीय खेल हॉकी ओर फुटबॉल के साथ हैमर ,जैकिंन का नियमित अभ्यास करवाने के साथ कॉलेज स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित करवाने की बात कही। उन्होंने तीन साल पहले कॉलेज प्रबंधन को यहाँ के खेल मैदान दुरुस्त करवाने के लिए अपनी विधायक निधि से दी 14 लाख की राशि का उपयोग न करने पर भी नाराजगी जाहिर की। साथ ही उन्होंने युवा आइकॉन 2018 के एमपी टॉपर स्थानीय एसडीएम हर्षल चौधरी और नगर के बुजुर्ग खिलाड़ी भाजपा नेता लियाकत खान का मंच से सम्मान कर युवाओं से इनसे प्रेरणा लेने की बात कही।

# विराट कोहली बने 2023 के सर्वश्रेष्ठ वनडे खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली साल 2023 के लिए वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुने गए हैं। आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 में टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनने वाले विराट के लिए यह साल शानदार रहा। उन्होंने भारत को वनडे विश्व कप के फाइनल में पहुंचाने में अहम योगदान दिया।



## पिछले साल 72 से ज्यादा की औसत से बनाए 1377 रन

**27 मैचों में 1377 रन, 1 विकेट और 12 कैच:** विराट कोहली ने 2022 में अपनी शानदार वापसी के बाद 2023 में असली रंग दिखाया। इस साल उन्होंने वनडे में लाजवाब प्रदर्शन किया। आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट जीतने के साथ कोहली ने इसे खत्म किया। विराट ने विश्व कप में अपनी 11 पारियों में से नौ में कम से कम अर्धशतक जमाया, और टूर्नामेंट में 765 रन बनाए। यह पुरुष क्रिकेट विश्व कप में किसी व्यक्तिगत बल्लेबाज का अब तक का सबसे अधिक स्कोर है, जो 2003 में सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड से भी आगे है।

कोहली ने टूर्नामेंट को 95.62 के औसत और 90.31 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए, जिसमें तीन शतक शामिल थे। इनमें से एक शतक न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में आया था। उन्होंने सेमीफाइनल में अपनी पारी के साथ वनडे में 50 शतकों का रिकॉर्ड पूरा किया। इसके साथ ही वह वनडे में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। फाइनल में उन्होंने एक और अर्धशतक के साथ टूर्नामेंट का समापन किया, लेकिन इससे भारत को जीत नहीं मिली और फाइनल में अहमदाबाद में उनके आउट होने के बाद फैंस की चुप्पी इस बात का सबूत थी कि कोहली भारत को खिताब जीताने की कितनी बड़ी उम्मीद थे। उन्होंने 24 पारियों में छह शतक और आठ अर्धशतक के साथ 72.47 की औसत से 1377 रन के साथ वर्ष का समापन किया।

### यादगार प्रदर्शन

कोहली ने विश्व कप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल नॉकआउट मुकाबले में किया। रोहित शर्मा का विकेट गिरने के बाद, कोहली ने पारी संभाली और इस प्रारूप में रिकॉर्ड 50वां शतक पूरा करने के बाद ही रुके।

### दूसरे दिन भारत को शुरूआती झटके लंच तक 222/3

### चौका खाया, फिर नचाया और यूं फंसाया...

# रूट ने यशस्वी से इंग्लैंड को छुटकारा दिलाया

**हैदराबाद, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार और सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल इंग्लैंड के खिलाफ चल रहे पहले टेस्ट में गजब फॉर्म में नजर आए। उनके सामने इंग्लिश गेंदबाज रहम की भीख मांग रहे थे। जायसवाल का बल्ला पहले दिन जमकर बोला। उन्होंने 70 गेंदो का सामना कर 9 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 76 रन बनाए थे। वहीं दूसरे दिन की शुरुआत भी यशस्वी ने आक्रमक अंदाज में की। उन्होंने दूसरे दिन के पहले ओवर की दूसरी गेंद पर ही चौका जड़ दिया। हालांकि इसके बाद इंग्लैंड के अनुभवी खिलाड़ी जो रूट ने उन्हें अपने जाल में फंसा लिया।दरअसल, राजीव गांधी इंटरनेशल स्टेडियम में चल रहे पहले टेस्ट के दूसरे दिन का पहला ओवर इंग्लैंड की ओर से जो रूट डाल रहे थे। स्ट्राइक पर इन फॉर्म यशस्वी जायसवाल थे। जायसवाल ने ओवर की दूसरी गेंद पर ही चौका मार दिया। उन्होंने आते ही अपना इंटेंट साफ कर दिया था कि वह एग्रेसिव बल्लेबाजी करने वाले हैं। हालांकि इसके बाद जो रूट ने वो कर दिखाया जो अब तक इस मैच में कोई दूसरा इंग्लिश गेंदबाज नहीं कर पाया। उन्होंने जायसवाल को अपने जाल में फंसा लिया।

ओवर की चौथी गेंद पर जायसवाल ड्राइव कर एक और चौका बटोरना चाहते थे। लेकिन वह गेंद को सही से टाइम नहीं कर पाए और गेंद को हवा में मार बैठे। रूट ने जंप करते हुए दोनों हाथों से शानदार कैच लपका और जायसवाल की शानदार पारी को दूसरे दिन के पहले ओवर में ही समाप्त ही कर दिया। जायसवाल 80 रन बनाकर आउट हो गए।

कल इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। ऐसे में इंग्लैंड पहले बल्लेबाजी करते हुए 246 रन बनाकर ऑल आउट हो गई थी।आज दूसरे दिन के पहले ओवर में ही भारतीय टीम को यशस्वी जायसवाल के रूप में दूसरा झटका लगा था। हालांकि उसके बाद से केएल राहुल-शुभमन गिल ने भारतीय पारी को बखूबी संभाला। टीम का तीसरा विकेट शुभमन गिल के रूप में 159 रन के स्कोर पर गिरा । टॉम हार्टले ने गिल को पविलियन का रास्ता दिखाया है। शुभमन 23 रन बनाकर आउट हो गए ।




### अन्ना ने सराहा

रविचंद्रन अश्विन ने युवा यशस्वी जायसवाल की जमकर सरहाना की। खासकर एश ने कहा कि उन्हें जायसवाल में ऋषभ पंत की झलक दिखती है। अश्विन ने कहा, 'उन्होंने (जायसवाल) आईपीएल में शानदार समय बिताया, प्रथम श्रेणी क्रिकेट में शानदार शुरुआत की। मुझे उन्हें देखकर काफी मजा आ रहा है। मैं वहां ऋषभ पंत को देख रहा हूं। उनका निडर क्रिकेट उनको रास आ रहा है।' बता दें कि पंत भी अपने बैखोफ अंदाज से टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए जाने जाते हैं।

# जलील खान ने जमाया टूर्नामेंट का पहला शतक

### 29वां आईईएस-डिजिआना इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट




**भोपाल।** जलील खान ने 29वें आईईएस-डिजिआना इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट में 101 रनों की अविजित पारी खेली। यह टूर्नामेंट का पहला शतक है। उनकी इस पारी की मदद से राज एक्सप्रेस ने 146 रनों की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। दिन के दूसरे मैच में नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स ने डिजिआना को 48 रनों से हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की की। इस ग्रुप से पीपुल्स भी सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है।

ओल्ड कैंपियन मैदान पर खेली जा रही इस प्रतियोगिता में गुरुवार को पहले मैच में राज एक्सप्रेस ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 205 रन बनाए। जलील ने मात्र 63 गेंदों में 19 चौकों की मदद से 101 रन बनाए। धर्मेंद्र ने 41 और प्रशांत ने 24 रन बनाए। नवदुनिया की ओर से पवन कुशवाह ने तीन विकेट लिए। हेमंत जोशी और सत्येश श्रीवास्तव को 1-1 विकेट मले। जवाब में नवदुनिया टीम 14.2 ओवर में 59 रनों पर आउट हो गई। उसकी ओर से कप्तान हेतंत जोशी ने 23 रन बनाए। बाकी कोई भी बल्लेबाज दोहरी संख्या तक नहीं पहुंच पाया। जलील खान ने 8 रन देकर तीन विकेट लिए। जबकि कप्तान शशि शेखर ने 15 रन देकर तीन बल्लेबाजों को पवैलियन लौटाया। मनोरंजन को दो विकेट मले। जलील खान मानसरोवर प्लेयर ऑफ द मैच और शशि शेखर आरएनटीयू वैल्यूएबल प्लेयर चुने गए। उन्हें आईईएस पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर अजय शर्मा ने पुरस्कृत किया।

दिन के दूसरे मैच में एनएसटी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट पर 179 रन बनाए। इसमें दामोदर प्रसाद आर्य ने 41 रनों की पारी खेली। अजय मौर्य ने अविजित 32 और विनय शुक्ला ने भी अविजित 24 रन बनाए। जावेद हमीद ने 18 तथा दीपक बाजपेयी और इंद्रजीत मौर्य ने 15-15 रन बनाए। डिजिआना की ओर से राजा अहिरवार और कमलेश शर्मा को 2-2 विकेट मले। जवाब में डिजिआना टीम 19 ओवर में 131 रनों पर आउट हो गई। उसकी ओर से अजय ने 35 रन बनाए। प्रदुम्न ने 17 और गौरव ने 32 रनों का योगदान दिया। इंद्रजीत मौर्य ने पांच विकेट झटके। अजय मौर्य और मोहन द्विवेदी को 2-2 विकेट मिले। इंद्रजीत मौर्य प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। उन्हें 26 जनवरी को पुरस्कृत किया जाएगा।

**मनोरंजन** बॉलीवुड का कोना

## बाफ्टा विजेता फिलिप की 'चेन्नई स्टोरी' में काम करेंगी श्रुति, बनेगी जासूस

**साउथ** इंडस्ट्री की चर्चित अभिनेत्री श्रुति हासन को बीते दिनों प्रभास के साथ फिल्म 'सलार' में देखा गया था। अब एक्ट्रेस अपनी नई फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। श्रुति अब फिल्म 'चेन्नई स्टोरी' में नजर आएंगी। इसका निर्देशन बाफ्टा विजेता फिलिप जॉन कर रहे हैं। श्रुति हासन ने इस फिल्म में काम करने को लेकर अपना उत्साह जाहिर किया है।

**'चेन्नई स्टोरी' में काम करने के लिए उत्साहित हैं श्रुति:** ये फिल्म भारत और यूके की साझेदारी में बन रही है। ब्रिटिश फिल्म इंस्टीट्यूट (बीएफआई) यूके ग्लोबल स्क्रीन फंड फिल्म को सहयोग कर रहे हैं। 'चेन्नई स्टोरी' को लेकर श्रुति हासन ने कहा, 'मैं इस फिल्म में काम करने के लिए बहुत खुश हूं। इस फिल्म में चेन्नई की विविधता और विशिष्टता को दिखाया जाएगा, इसलिए यह फिल्म मेरे लिए बहुत खास है। मैं 'चेन्नई स्टोरी' के जरिए अपनी संस्कृति को अंतरराष्ट्रीय दर्शकों तक ले जाने के लिए पूरी तरह तैयार हूं।'

**विवेक कालरा के साथ साझा करेंगी स्क्रीन:** बाफ्टा विजेता फिलिप जॉन ने कहा, 'मैं 'चेन्नई स्टोरी फिल्म में श्रुति हासन के साथ काम करने के लिए उत्साहित हूं। इस फिल्म में चेन्नई और कार्डिफ दोनों शहरों की सांस्कृतिक दिखाई जाएगी। बीएफआई के समर्थन से यह फिल्म अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक नया सहयोग लाती है। रिपल वर्ल्ड पिक्चर्स के प्रोड्यूस और फाउंडर डोमिनिक राइट ने कहा, 'हम इस बात से बहुत खुश हैं कि साउथ की बहुप्रतिभाशाली अभिनेत्री श्रुति हासन बीएफआई इंस्टिट्यूट यूके और भारत सह-उत्पादन फिल्म के कलाकारों में शामिल हो गई हैं।



## अब कन्नड़ इंडस्ट्री में अभिनय का दम दिखाएंगी नोरा फतेही

**अभिनेत्री** नोरा फतेही बॉलीवुड में अपने डांस मूव्स और कातिल अदाओं के लिए मशहूर हैं। नोरा के लिए नया साल कई सारी खुशियां लेकर आया है। बॉलीवुड और तेलुगु फिल्म करने के बाद अब अभिनेत्री ने पहली कन्नड़ फिल्म साइन की है। केवीएन प्रोडक्शन ने अपने आगामी दो महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट्स के लिए नोरा को साइन किया है। नोरा पहली बार किसी कन्नड़ फिल्म में काम करने को लेकर काफी उत्साहित हैं और उन्होंने मीडिया से खुलकर इस विषय में बातें कीं।

**संजय दत्त के साथ थिरकती आएंगी नजर :** बॉलीवुड में अपने डांस के दम पर मुकाम हासिल करने वाली नोरा अब किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। नोरा ने अपने डांस नंबर के दम पर कई फिल्मों को हिट कराया है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो नोरा की पहली कन्नड़ फिल्म का नाम 'केडी - द डेविल' होगा। इस फिल्म में नोरा के साथ बॉलीवुड के दिग्गज स्टार संजय दत्त भी नजर आने वाले हैं। इतना ही नहीं फिल्म में संजय नोरा के साथ डांस करते हुए दिखाई देंगे। संजय दत्त के अलावा, शिल्पा शेट्टी और विजय सेतुपति भी नोरा फतेही की इस कन्नड़ फिल्म का हिस्सा हो सकते हैं।

**नोरा की मेहनत पर है भरोसा :** कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर निर्देशक प्रेम नोरा की पहली कन्नड़ फिल्म 'केडी - द डेविल' का निर्देशन करने वाले हैं। प्रेम ने भी मीडिया से बातें करते हुए अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा, 'मुझे नोरा की मेहनत और काबिलियत पर पूरा भरोसा है। वे जो भी काम करती हैं, पूरी शिद्दत से करती हैं। मुझे यकीन है कि इस फिल्म में भी नोरा का वही अंदाज देखने को मिलेगा। उनकी वजह से ये फिल्म सुपर हिट होगी।'



## कृति सेनन ने हासिल किया यूएई का गोल्डन वीजा

**राष्ट्रीय** पुरस्कार विजेता अभिनेत्री कृति सेनन बॉलीवुड की प्रतिभावान कलाकारों में से एक हैं। अपनी कला के दम पर उन्होंने देश के साथ विदेश में भी जबर्दस्त फैन फॉलोइंग बना रखी है। इस बीच अभिनेत्री के नाम एक बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। हाल ही में उन्हें प्रतिष्ठित यूएई गोल्डन वीजा से सम्मानित किया गया है। इसके बाद वे शाहरुख खान जैसी प्रसिद्ध भारतीय फिल्म हस्तियों की श्रेणी में शामिल हो गई हैं, जिन्हें पहले यह सम्मान मिल चुका है।

2019 में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) द्वारा पेश की गई, गोल्डन वीजा प्रणाली लंबी अवधि के निवास वीजा की सुविधा देती है, जिससे विदेशियों को राष्ट्रीय प्रायोजक की आवश्यकता के बिना और उनके 100 प्रतिशत स्वामित्व के साथ यूएई में रहने, काम करने, व्यापार और अध्ययन करने में सक्षम बनाया जाता है। ईसीएच डिजिटल के सीईओ इकबाल मार्कोनी से कृति सेनन को यह गोल्डन वीजा मिला। अपना आभार व्यक्त करते हुए अभिनेत्री ने कहा, 'यूएई गोल्डन वीजा प्राप्त करना सम्मान की बात है। दुबई का मेरे दिल में एक विशेष स्थान है और मैं इसके जीवंत सांस्कृतिक परिदृश्य का हिस्सा बनने के लिए उत्सुक हूं।'

कृति से पहले, शाहरुख खान और उनके परिवार, संजय दत्त, सानिया मिर्जा, बोनी कपूर और उनके बच्चे अर्जुन, जान्हवी, खुशी और अंशुला कपूर, संजय कपूर, वरुण धवन, रणवीर सिंह, कमल हासन, मोहनलाल, ममूटी सहित कई हस्तियों को यह वीजा मिल चुका है। उनके अलावा दुलकर सलमान, मौनी रॉय, उर्वशी रौतेला, सुनील शेट्टी, नेहा कक्कड़, फराह खान, सोनू सूद, टोविनो थॉमस और अमला पॉल को भी इस सम्मान से नवाजा जा चुका है।



# लोडिंग वाहन की टक्कर से बाइक सवार भाइयों को आई गंभीर चोट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

नजीराबाद इलाके में बाइक सवार दो भाइयों को सामने से आ रहे लोडिंग पिकअप वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक रंगलाल गुर्जर (43) ग्राम निदानपुर टोला थाना बैरसिया में रहते हैं और खेती किसानी करते हैं। मंगलवार की शाम को वह अपने भाई हरिसिंह गुर्जर के साथ मोटर सायकिल से से नजीराबाद से बैरसिया लौट रहे थे। रुनाहा जोड़ से बैरसिया जाने वाले रोड पर वह कशिश वेयर हाउस के पास पहुंचे, तभी बैरसिया से नजीराबाद की तरफ जा रहे लोडिंग पिकअप वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों भाई बाइक समेत सड़क पर



फाइल फोटो

गिरकर घायल हो गए। इधर टक्कर मारने के बाद पिकअप वाहन सड़क किनारे जाकर पलट गया। पीछे आ रहे रिश्तेदारों ने दोनों भाइयों को इलाज के लिए लांबाखेड़ा स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल से मिली सूचना के बाद मौके पर पहुंची नजीराबाद पुलिस ने रंगलाल की रिपोर्ट पर टक्कर मारने वाले वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## पड़ोसी युवक ने चुराया बीटेक छात्र का 50 हजार का लैपटाप, गिरफ्तार



अशोका गार्डन में रहने वाले एक बीटेक छात्र के कमरे से 50 हजार रुपए कीमत का लैपटाप चोरी हो गया। फरियादी ने पड़ोस में रहने वाले युवक पर चोरी की शंका जाहिर की थी। पुलिस ने पड़ोसी युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने लैपटाप चोरी करना स्वीकार कर लिया।

पुलिस के मुताबिहक मयंक भुसारे (21) मूलतः बैतूल का रहने वाला है। फिलहाल वह अशोक विहार कालोनी में रहता है और निजी कालेज से बीटेक की पढ़ाई कर रहा है। मयंक ने पुलिस को बताया कि बीती 20 जनवरी की शाम करीब सात बजे वह अपने कमरे की कुंदी लगाकर चाय पीने चला गया था। कुछ देर बाद वापस लौटा तो दरवाजा खुलासा मिला और रखा उसका लैपटाप गायब था। काफी तलाश करने के बाद भी जब लैपटाप नहीं मिला तो उसने बुधवार को थाने जाकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। इसके साथ ही उसने पड़ोस में रहने वाले राहुल नामक युवक पर लैपटाप चोरी की शंका जाहिर की थी। पुलिस ने राहुल उर्फ पृथ्वी कुमार सिंह निवासी बलिया उत्तर प्रदेश को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने लैपटाप चोरी करना स्वीकार कर लिया। इसके साथ ही अलमारी में छिपाकर रखा गया लैपटाप निकाल कर पुलिस को सौंप दिया।

### हमीदिया अस्पताल के गेट के सामने हुई वारदात

# पैरामेडिकल स्टूडेंट के साथ बस कंडक्टर ने सरेराह की छेड़छाड़, मोबाइल तोड़ा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**हमीदिया अस्पताल के गेट के सामने एक पैरामेडिकल स्टूडेंट के साथ बस कंडक्टर ने सरेराह अश्लील हरकत की और विरोध करने पर मारपीट करते हुए उसका मोबाइल फोन तोड़ दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।**

पुलिस के मुताबिक 26 वर्षीय युवती पैरामेडिकल की पढ़ाई कर रही है। वह पड़ोसी जिले से रोजाना बस से अपडाउन करती है। इस दौरान बस कंडक्टर रामकेश उसे पहचानने लगा। आने-जाने के दौरान दोनों के बीच कभी-कभार बातचीत हो जाया करती थी। पिछले कुछ दिनों से रामकेश की बातचीत का तरीका बदला तो युवती ने उससे बात करना बंद कर दिया। वह कई बार दूसरी बस से अभी आना-जाना करती थी। पिछले करीब एक महीने से रामकेश छात्रा का पीछा कर उसे परेशान कर रहा था। सोमवार शाम करीब चार बजे छात्रा घर जाने के लिए हमीदिया अस्पताल के गेट के पास बस का इंतजार कर ही थी, तभी रामकेश पहुंचा और उससे बातचीत करने का प्रयास किया। छात्रा ने जब बात करने से इंकार किया तो उसने सरेराह उसके साथ मारपीट कर दी और मोबाइल फोन छीनकर तोड़ दिया। घर पहुंचने के बाद पीड़िता ने परिजनों को घटना की जानकारी दी और बुधवार को परिजनों के साथ कोहेफिजा थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवा दी। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।



## दसवीं की छात्रा के साथ युवक ने की अश्लील हरकत

**भोपाल।** तलैया पुलिस ने दसवीं कक्षा की एक छात्रा की रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ अश्लील हरकत करने और जान से मारने की धमकी देने समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी दसवीं की छात्रा है। मंगलवार सुबह करीब आठ बजे वह स्कूल जा रही थी, तभी रास्ते में उसे अरमान नामक युवक मिला। उसने छात्रा को अश्लील इशारे किए और शादी करने के दबाव बनाया। अरमान ने उसे धमकी दी कि अगर किसी दूसरे से शादी की तो वह उसे जान से खत्म कर देगा। इसकी जानकारी पीड़िता ने परिजनों को दी और बुधवार को थाने जाकर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करवा दिया।

# बाइक की टक्कर से स्कूटर सवार महिला घायल, लैपटॉप और मोबाइल टूटा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

गोविंदपुरा स्थित सद्भावना चौराहे पर एक तेज रफ्तार बाइक चालक ने स्कूटर सवार महिला को टक्कर मार दी। इस हादसे में महिला को गंभीर चोट आई है और उसका मोबाइल तथा लैपटाप भी टूट गया। पुलिस ने टक्कर मारने वाले बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक प्रिया साहू (30) सुदामा सनसिटी अयोध्या बायपास रोड पर रहती हैं और जवाहर लाल नेहरू कैंसर अस्पताल में नौकरी करती हैं। बुधवार सुबह करीब ग्यारह बजे वह स्कूटर से ड्यूटी जा रही थी। गोविंदपुरा स्थित सद्भावना चौराहे पर पीछे से आ रहे तेज रफ्तार मोटर सायकिल चालक ने उनकी स्कूटर को टक्कर मार दी, जिससे प्रिया को गंभीर चोट आई। उनके पास मौजूद बैग में लैपटाप और मोबाइल रखा हुआ था, जो टूट गया। स्कूटर को भी काफी नुकसान पहुंचा है। पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## टक्कर मारने वाले कार चालक के खिलाफ केस दर्ज

**भोपाल।** रातीबड़ इलाके में एक्सीडेंट में हुई एक व्यक्ति की मौत के मामले में पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार मिलेनियल कालेज के सामने झुग्गीबस्ती में रहने वाले पन्नालाल रावत मंगलवार की




शाम करीब साढ़े पांच बजे मेन रोड पर टहल रहे थे। इसी बीच नाथू बरखेड़ा से नीलबड़ की तरफ जा रही एक कार ने उन्हें टक्कर मार दी थी। गंभीर रूप से घायल पन्नालाल को टक्कर मारने वाले कार चालक ने ही इलाज के लिए जयप्रकाश अस्पताल पहुंचाया था। हालत गंभीर होने पर पन्नालाल को हमीदिया रैफर किया गया था, जहां बुधवार को उनकी मौत हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# शाहपुरा में बाइक की टक्कर से युवक घायल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

शाहपुरा इलाके में बाइक की टक्कर से आगे जा रहा बाइक सवार गिरकर घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक अजय आरसे (35) हिनौतिया आलम कोलार रोड पर रहता है और प्रायवेट ड्रायवरी करता है। बुधवार की रात करीब साढ़े नौ बजे वह अपनी मोटर सायकिल से समर्थ परिसर से दानिश पुलिया की तरफ जा



रहा था। अजय जैसे ही राधाकृष्ण मैरिज गार्डन के पास पहुंचा, तभी पीछे से आ रहे बाइक चालक ने उसकी मोटर सायकिल में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही अजय बाइक समेत सड़क पर गिरकर घायल हो गया और उसकी बाइक में भी टूटफूट हो गई। पुलिस ने टक्कर मारने वाले बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।


## कार्यालय नगर निगम, भोपाल
## यांत्रिक विभाग

क्र. 492/ यां. वि/ 2023-24 भोपाल दिनांक 23/01/24

निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु लिफाऊा पद्धति के अनुसार म.प्र. लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत व्यवस्था के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार परसेन्टेज मोहर बंद निविदाये निर्धारित प्रपत्र पर आनलाईन आमंत्रित की जाती है।

| क्र | ऑनलाईन निविदा क्र | कार्य का नाम | अनुमानित राशि | धरोहर राशि | प्रपत्र राशि | कार्य हेतु निर्धारत एस.ओ.आर | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_UAD_323642_2 | Repair and Maintenance of Raj Rajeshwari Park, Gautam Nagar wark 13 Zone 03 | 1,20,745 | 2,415 | 1,000 | MPUADD BUILDING ISSR 2021 | 60 दिवस |

1. Interested idders can view the NIT on website https://www.mptenders.gov.in .
2. Teh Bid Documents can e purchased onlya online from 10:30 AM 23/012024 to 17:30 P.M 06/02/2024.
3. Amendments to NIT, if any, woule e pulished on website https://www.mptenders.gov.in Only and not newspaper.

**The initial Period of 5 (FIVE) Year after completion shall be treated as Defect Liability Period (DLP)**

नि. क्र. 1461/023/024

**Shubham Verma**
**सहायक यंत्री**


# सड़क किनारे बाइक पर बैठे चाचा-भतीजे को पिकअप ने टक्कर मारकर किया जख्मी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**


गुनगा इलाके में सड़क किनारे बाइक पर बैठे चाचा-भतीजे को पीछे से आ रहे तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों घायल हो गए। पुलिस ने टक्कर मारने वाले वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक सुमित सिलावट (20) ग्राम करोंदिया थाना गुनगा में रहता है और मजदूरी करता है।

बुधवार सुबह वह अपने चाचा खेमचंद सिलावट के साथ उनकी मोटर सायकिल से ग्राम मुड़ियाखेड़ा स्थित फार्म हाउस पर काम करने जा रहा था। सुबह करीब साढ़े नौ बजे सुमित ने ग्राम जैतपुरा जोड़ के पास सड़क किनारे किसी काम से बाइक रोकी और चाचा के साथ बाइक पर ही बैठा रहा। इसी बीच पीछे से आए पानी के कैंपर ढोने वाले पिकअप वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर माद, जिससे दोनों लोग घायल हो गए। उसके बाद पिकअप वाहन चालक ने चाचा-भतीजे को इलाज के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया और चला गया। बाद में सुमित ने थाने जाकर चालक के खिलाफ एक्सीडेंट का केस दर्ज करवाया।

## शाहपुरा में बाइक की टक्कर से युवक घायल

**भोपाल।** शाहपुरा इलाके में बाइक की टक्कर से आगे जा रहा बाइक सवार गिरकर घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक अजय आरसे (35) हिनौतिया आलम कोलार रोड पर रहता है और प्रायवेट ड्रायवरी करता है। बुधवार की रात करीब साढ़े नौ बजे वह अपनी मोटर सायकिल से समर्थ परिसर से दानिश पुलिया की तरफ जा रहा था। अजय जैसे ही राधाकृष्ण मैरिज गार्डन के पास पहुंचा, तभी पीछे से आ रहे बाइक चालक ने उसकी मोटर सायकिल में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही अजय बाइक समेत सड़क पर गिरकर घायल हो गया और उसकी बाइक में भी टूटफूट हो गई। पुलिस ने टक्कर मारने वाले बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# युवक ने फांसी लगाकर दी जान



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित गांव बर्रई में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आज शुक्रवार सुबह उसकी लाश फांसी के फंदे पर लटकी देख पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर लाश पीएम के लिए भेज दी है। घटनास्थल से सुसाइड नोट नहीं मिला है।

पुलिस के अनुसार नरेंद्र मीणा पिता चतुर नारायण मीणा (31) गांव बर्रई, थाना कटारा हिल्स में रहता था और प्राइवेट काम करता था। गुरुवार रात उसने परिजन के साथ खाना खाया और सो गया था। शुक्रवार सुबह परिजन की नींद खुली तो उन्होंने नरेंद्र की लाश फांसी के फंदे पर देखी थी। पुलिस का कहना है कि अभी परिजन के बयान नहीं हो सके हैं।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022